Great National Achievement

Date: 30.09.2024

आईटीएस डेंटल कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिये एक दिवसीय प्रैक्टिस मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन

Ghaziabad :- आईटीएस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में पेरियोडोन्टोलॉजी एंड ओरल इंप्लांटोलॉजी विभाग द्वारा दिनांक 30 सितंबर, 2024 को एक दिवसीय प्रैक्टिस मैनेजमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के साथ_साथ सभी दंत विभागों के एचओडी तथा दंत चिकित्सक शामिल थे।

कार्यशाला के प्रमुख वक्ता डॉ भवदीप आहूजा थे, जो प्रसिद्ध चिकित्सक और भारत मे प्रैक्टिस मैनेजमेंट के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध वक्ता है। उन्होंने अपनी शिक्षा आईआईएम से पूर्ण की है और उनके पास ट्रिपल एमबीए डिग्री है। डॉ भवदीप ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रैक्टिस मैनेजमेंट पर विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित किये है।

Sign: __________ ____________________

Dental Library **Director- Principal**